लालकोठी और जालूपुरा के आवासों की जमीन होगी मंडल के नाम

विधायक आवास प्रोजेक्ट की कमान आवासन मंडल को

बैठक में फैसले पर लगी मुहर

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

किराए पर दिए जाएंगे फ्लैट

आवासों का निर्माण नहीं हो जाता, तब तक विधायक, मंडल के सरस्वती अपार्टमेंट, द्वारिका ट्विन्स और व्यास अपार्टमेंट में रह सकेंगे। कोई खरीदने का इच्छुक होगा तो रियायती दर पर फ्लैट देंगे। जो विधायक खरीदना नहीं चाहेंगे, उनको मंडल किराए पर आवास देगा। इसका किराया 30 हजार रुपए प्रति फ्लैट होगा। भुगतान विधानसभा की ओर से मंडल को किया जाएगा।

जयपुर. विधायकों के बहुमंजिला फ्लैट बनाने की अब जिम्मेदारी आवासन मंडल की होगी। शनिवार को विधानसभा अध्यक्ष सीपी जोशी के सरकारी आवास पर हुई बैठक में इस फैसले पर मुहर लगी।

विधायक नगर पूर्व और पश्चिम में इनका निर्माण होगा। बैठक में तय हुआ कि इस प्रोजेक्ट की नोडल एजेंसी आवासन मंडल होगा। लालकोठी और जालूपुरा की विधायक आवासों की ज़मीन पहले मंडल के नाम दर्ज होगी। अभी यह जमीन जेडीए के नाम हैं। इस संबंध में विधानसभा लिखित आदेश जारी करेगी।

मंडल प्लानिंग कर इस जमीन को बेचेगा और इस प्रोजेक्ट के लिए धनराशि मंडल अपने स्तर पर ही व्यय करेगा। अभी आवासों को लेकर कॉन्सेप्ट प्लान तैयार किया गया है। 15 दिन में इसका प्रजेंटेशन कमेटी को दिया जाएगा। इस कमेटी में नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल के अलावा कई मंत्री और विपक्ष के विधायक भी शामिल हैं। डिजायन फाइनल होने के बाद मंडल टेंडर प्रक्रिया करेगा।

बैठक में नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल, विधानसभा सचिव प्रमिल कुमार माथुर, यूडीएच के प्रमुख शासन सचिव भास्कर ए. सावंत, जेडीसी टी रविकांत, मंडल आयुक्त पवन अरोड़ा आदि उपस्थित थे।